संoसंo–2/कोर्ट–27/2024–

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

| |
|---|
| अतिआवश्यक<br>कोट–केस |

**प्रेषक,**

**शैलेश कुमार**
**सरकार के अपर सचिव।**

**सेवा में,**

**प्रभारी पदाधिकारी,**
**वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग,**
**बिहार, पटना ।**

**पटना, दिनांक / /2025**

**विषय : डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया के अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2)विo दिनांक–24.12.1986 पत्रांक–1829(2)विo दिनांक 07.04.2005 एवं वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग के ज्ञाप संख्या–2238(25), दिनांक–22.11.2023 के आलोक में डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया को उनके अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(2) डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह का सेवानिवृत्ति की तिथि–31.01.2021 है।

(3) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया के पत्रांक–327 दिनांक–01.02.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह दिनाक–06.01.2007 से 11.08.2016 तक उपार्जित अवकाश का उपभोग नहीं किए हैं (छायाप्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध में अपने स्तर से पूर्णत: संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया के पक्ष में 300 (तीन सौ) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

**विश्वासभाजन**

**ह0/–**
**(शैलेश कुमार)**

**ज्ञापांक–2/कोर्ट–27/2024–** 257(2) **पटना, दिनांक** 21/02/ **2025**

**प्रतिलिपिः** महालेखाकार (लेo एवं हo) बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया।/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया जिला कोषागार पदाधिकारी, गया/डाo सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर, गया पत्राचार पता–ग्राम/मोहल्ला–त्रिभुआनी, पोo–सोहरा, थाना–कृष्णगढ, जिला–भोजपुर, पिन कोड–802316/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आईoटीo मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/2/25

**सरकार के अपर सचिव।**